ऑनलाईन दवाई बिक्री का विरोध, पीएम के नाम ज्ञापन

पानसेमल, (नवभारत)। क्षेत्र के मेडिकल संचालकों द्वारा ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन और मध्यप्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले ऑनलाईन दवाई बिक्री का विरोध दर्ज कराते हुए पीएम के नाम तहसीलदार सुनील सिसोदिया को ज्ञापन सौंपा गया है।

मेडिकल संचालक विवेक चौधरी द्वारा बताया गया कि अवैध ऑनलाईन दवाइयों की बिक्री से जनस्वास्थ्य पर उत्पन्न गंभीर खतरे तथा छोटे केमिस्टों के संरक्षण के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। संगठन के आव्हान पर 20 मई 2026 को मेडिकल दुकानें बंद रखकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया है। संचालकों ने बताया कि लंबे समय से निवेदन एवं आग्रह करने के बावजूद इंटरनेट के माध्यम से हो रही अवैध दवा बिक्री पर कोई प्रभावी कार्रवाई न होने के विरोध स्वरूप यह कदम उठाया है।

देशभर के लाखों केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं में व्याप्त गहरे असंतोष के कारण बड़वानी जिले के समस्त केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने संयुक्त रूप से आंदोलन में भाग लिया। ग्राहकों को ऑनलाईन माध्यम से बिना डॉक्टरों के परामर्श के घर-घर दवा वितरण तथा अत्यधिक छूट देना, करोड़ों मरीजों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। साथ ही ये देशभर के लाखों लाइसेंसधारी छोटे केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर भी सीधा संकट उत्पन्न कर रही हैं।

उन्होंने कोविड महामारी जैसी असाधारण परिस्थिति में जारी जीएसआर 220 (इ) के दुरपयोग को लेकर भी चिंता जताई, साथ ही इसे वापस लेने और अवैध ऑनलाईन दवा बिक्री के विरुद्ध तत्काल एवं कठौर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन सौंपन के दौरान यह रहे उपस्थित इमरजेंसी मेडिकल सुविधा की दी जानकारी

इस दौरान विजय बडगूजर, फखरूद्दीन फखरी, विवेक चौधरी, जयपाल गिरासे, गौतम बडगूजर, अरविंद सोलंकी, हिमांशु चौधरी, विजय चौधरी, संदीप बडगूजर, सागर पवार, शानू गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं 20 मई को ईमरजेंसी मेडिकल सुविधा के लिए श्याम हॉस्पिटल खेतिया रोड़, 9009575777, चौधरी मेडिकल, मेन रोड़ 9406888883, भारत मेडिकल मेन रोड़, 9424457808 पर संपर्क करने की जानकारी दी है।

पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश

बड़वानी, (नवभारत)। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में मंगलवार को जनसुनवाई हुई। जिले के सभी थाना परिसरों में जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें रखी।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 8 आवेदकों ने पारिवारिक विवाद, लेन-देन संबंधी प्रकरण, भूमि विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट तथा लंबित मामलों सहित विभिन्न शिकायतों के संबंध में आवेदन दिए। एसपी शुक्ल ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित एवं वैधानिक कार्रवाई करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने कहा कि हमारा उद्देश्य देशभक्ति-जनसेवा के मूल मंत्र को व्यवहार में उतारना है। प्रत्येक पीड़ित को यह विश्वास होना चाहिए कि उसकी बात सुनी जाएगी और उसे समय पर न्याय मिलेगा। पुलिस-जन विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। जनसुनवाई में एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

केमिस्ट एवं दवा विक्रेता 20 मई को रहेंगे सांकेतिक हड़ताल

▶ व्यापारियों ने गिनाई ऑनलाईन ई-फार्मेसी की मुख्य खामियां

निवाली, (नवभारत)। ऑनलाइन दवाओं की अवैध बिक्री और बड़े कॉर्पोरेट्स की मनमानी के खिलाफ निवाली के दवा व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। केमिस्ट एवं दवा विक्रेता 20 मई को सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। सभी दवा दुकानें पूर्णत: बंद रखी जाएंगी। आंदोलन के तहत निवाली केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने तहसीलदार को पीएम नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय पुलिस थाने में भी मेडिकल बंद रखने की लिखित सूचना दी गई है।

मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकता प्रदर्शित की। ज्ञापन का वाचन दानिश जोया ने किया। ज्ञापन में दवा विक्रेताओं ने बताया

कि इंटरनेट के माध्यम से बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के धड़ल्ले से ऑनलाइन दवाइयां बेची जा रही हैं। ऑनलाइन माध्यमों पर बिना किसी वैध चिकित्सीय पर्ची के धड़ल्ले से दवाएं बेची जा रही हैं। ऑनलाइन स्टोरेज और ट्रांसपोर्टेशन के दौरान सही तापमान न मिलने से नकली एवं अनुचित भंडारण वाली दवाओं का जोखिम रहता है। एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित इस्तेमाल से शरीर में दवाओं का असर खत्म होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

यह रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष इस्माइल शेख, महादेव यादव, प्रथम गुप्ता, कमलेश प्रजापति, चंदन कुमावत, हरिओम गोले, इरफान शेख, कृष्णा मालविया, दीवान चौहान व कृष्णा बर्डे उपस्थित थे। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री से इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

किसान ने दिया आवेदन

बड़वानी। मंगलवार शाम शहर थाने पर किसान शंकर पिता भीकाजी गेहलोत निवासी सिर्वी मोहल्ला ने 4 व्यापारियों पर तरबूज का 99351 रुपए भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया। आवेदन में बताया कि 6 मार्च 2026 को खेत पर लगे तरबूज अनावेदक नरेंद्र वर्मा निवासी महेश्वर, सुशील वर्मा, शेरा वर्मा व विजय वर्मा निवासी राजपुर को बेचे थे। सौदा कांटा भुगतान का था। माल तौल होने पर वजन शुद्ध आने के बाद पैसे मांगे तो व्यापारियों ने खाते में रकम नहीं होने का हवाला देकर दो दिन में भुगतान का वादा किया। भुगतान नहीं होने पर नवलपुरा निवासी दीपक यादव ने पैसों की गारंटी ली थी। अब दीपक यादव ने भी कहा कि रिपोर्ट करो, मैं गवाही दुंगा कि व्यापारियों ने माल लिया पर पैसे नहीं दिए। किसान ने थाना प्रभारी से रुपए दिलाने और भुगतान न करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उप निरीक्षक सुरेश मुवेल ने बताया कि किसान का आवेदन मिला है। जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दु:ख के समय भी धैर्य रख कराया नेत्रदान

बड़वानी, (नवभारत)। सेगांव निवासी राधेश्याम भायल, संतोष भायल, विजय भायल ने अपने भाई अशोक भायल के निधन की दु:ख भरी घटना के बाद भी मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए भाई के नेत्रदान कराए। परिवार ने दो लोगों के अंधियारे जीवन में रौशनी भरने का कार्य किया है।

सोमवार शाम को अशोक भायल के निधन पर समाजसेवी नरेंद्र बर्फा, संतोष मुकाती नें परिजनों को नेत्रदान के विषय में चर्चा कर नेत्रदान के लिए तैयार किया। जिसके बाद डॉ पहाड़िया को सूचना दी। डॉ पहाड़िया, अजित जैन एवं निशा रंदा जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां नेत्रदान संपन्न कराया और कॉर्निया को सुरक्षित एमके इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर पहुंचाया। सचिव ललित जैन नें परिजनों से नेत्रदान का सहमति पत्र भराया। रोटरी क्लब बड़वानी ने भायल परिवार का आभार व्यक्त किया।

नि:शुल्क पुस्तकालय में मॉक टेस्ट

पानसेमल, (नवभारत)। क्षेत्र की अग्रणी व औद्योगिक दृष्टि से विशेष पहचान बनी दुर्गा खांडसारी शुगर मील्स के सौजन्य से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मंच प्रदान करने स्वामी विवेकानंद नि:शुल्क पुस्तकालय शुरू किया। जहां नि:शुल्क पुस्तकों, नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा व प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारियों की विशेष व्यवस्था है।

विद्यार्थियों के लिए विशेष मॉक टेस्ट के आयोजन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नि:शुल्क ऑनलाईन कोर्स उपलब्ध कराए। दुर्गा मंदिर के निकट करीब 4 माह से नि:शुल्क सेवा दे रहा यह पुस्तकालय दुर्गा खांडसारी शुगर मिल्स मेंद्राना द्वारा संचालित हो रहा है। विद्यार्थियों के लिए मददगार साबित हो रहा है।

मॉक टेस्ट में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी तैयारी का स्व मूल्यांकन किया। परिणाम घोषित कर होनहार अभ्यर्थियों को पुरस्कृत किया। मॉक टेस्ट में प्रथम कृष्णा जाधव, द्वितीय रोहन भोसले एवं तृतीय स्थान पर भावना जगदाले रहे। विजेताओं को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुफ्त ऑनलाईन कोर्स दिए गए।

संस्था प्रबंधन एवं शुगर मील्स संचालकों ने विद्यार्थियों एवं अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। दुर्गा खांडसारी शुगर मील्स द्वारा सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवाओं में निरंतर अपना सहयोग दिया जाता है। शुगर मील्स द्वारा शुगर मील्स में मजदूरी करने वाले परिवारों के बच्चों के लिए नि:शुल्क अक्षरज्ञान सेवा उपलब्ध कराई जाती है। अलग-अलग शालाओं में जो बच्चे शिक्षा से वंचित है, उन्हें शिक्षा का ज्ञान शिक्षकों के माध्यम से दिया जाता है।

एक नजर में

कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान की संवेदनशीलता हरदा की शालू को 1 लाख तो बाग की दुर्गा को 1 .5 लाख की दिलाई आर्थिक सहायता

आलीराजपुर। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने एक बार फिर

जनहितैषी एवं संवेदनशील जनप्रतिनिधि होने का परिचय दिया। उन्होंने दो प्रकरणों में उपचार हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से मिल कर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान कोष से 2 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत करवाए। मंत्री सांसद हेल्पलाइन प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक मार्मिक पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने हरदा जिले के ग्राम उंडाल हंडिया निवासी बच्ची शालू की मदद हेतु त्वरित पहल की। उक्त बच्ची खराब आहार नली की गंभीर समस्या से पीड़ित है, जिसके कारण वह पिछले लगभग एक वर्ष से इंजेक्शन के माध्यम से लिक्विड डाइट लेने को मजबूर है। बताया जा रहा था कि बच्ची के माता पिता दोनों का कई वर्षों पूर्व ही निधन हो गया एवं दादा दादी के सहारे जीवन व्यापन कर रहे हैं। बच्ची की स्थिति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने तत्काल मामले को गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु अनुशंसा पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मानव सेवा के इस जज्बे को सकारात्मक प्रतिउत्तर देते हुए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से बेटी शालू के उपचार हेतु 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। वहीं सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने भी बच्ची शालू के बेहतर उपचार हेतु रुचि दिखाते हुए प्रधानमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी को अनुशंसा पत्र प्रेषित किया।

'बाग की महिला को भी आर्थिक सहायता स्वीकृत-इसी क्रम में धार जिले के ग्राम बाग निवासी दुर्गा पति गोवर्धन प्रजापति के परिजन भी कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान से मिलने पहुंचे। उन्होंने बताया कि अचानक लगी भीषण आग में अपनी जान की परवाह किए बिना बच्चों की चिंता करते हुए महिला आग की लपेटो के बीच अंदर चले गई जिससे स्वयं गंभीर रूप से झुलस गई थीं। उपचार के दौरान उन्होंने कई जनप्रतिनिधियों से सहायता की गुहार लगाई, किंतु अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया। लगभग 3 माह बाद जब वे कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान से मिलीं और अपनी पीड़ा बताई, तब मंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्रीजी से चर्चा करने कर हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद रविवार को कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिल कर पूरे घटना से अवगत करवाते हुए सहायता का अनुरोध किया। जिसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तत्काल उपचार हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 1 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत करते हुए भुगतान आदेश दे दिए।कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता चौहान द्वारा संचालित 'मंत्री सांसद हेल्पलाइन - 8889766687' लगातार क्षेत्र के जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित हो रही है। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं मानवीय सहायता के इस प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन

आलीराजपुर । जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित

साप्ताहिक जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर नीतू माथुर ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम भोरदू, खाड़ा फलिया निवासी श्री अभयसिंह पिता डुंडिया ने अपने पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र में दर्ज गलत जन्मतिथि को सुधारने से संबंधित आवेदन दिया।

4 लाख सहायता के लिए भटक रहा पीड़ित आदिवासी परिवार

▶ आज झाबुआ जन सुनवाई में एक अलग हे आवेदक आया

झाबुआ . प्रधानमंत्री की सभा में जा रही बस की टक्कर से जान गंवाने वाले 7 वर्षीय बालक आदित्य के पिता आज भी घोषित आर्थिक सहायता राशि के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। घटना के महीनों बाद भी मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित ?4 लाख की मुआवजा राशि पीड़ित परिवार तक नहीं पहुंच सकी है।

नदी में नहाकर पुल पर खड़ा था मासूम, बस ने मारी टक्कर

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित प्रार्थी (जो कि एक गरीब आदिवासी परिवार से हैं और खेती-मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं) ने बताया कि 17 सितंबर 2025 को भेसोला फाटा पर प्रधानमंत्री की सभा आयोजित थी। उस दौरान प्रार्थी नदी में नहा रहा था और उनका 7

वर्षीय बेटा आदित्य नदी से नहाकर पुल पर खड़ा हुआ था। इसी दौरान पारस बस यात्रियों को लेकर प्रधानमंत्री की सभा में जा रही बस क्रमांक एम.पी. 45-पी-0271 ने मासूम आदित्य को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बालक आदित्य की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मुख्यमंत्री ने बंधाया था ढाढस, की थी ?4,00,000 लाख की घोषणा-इस हृदयविदारक घटना की सूचना पुलिस प्रशासन के साथ-साथ माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और क्षेत्रीय मंत्री निर्मला भूरिया को भी दी गई थी। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए मध्य प्रदेश शासन की ओर से तत्काल ?4,00,000 (चार लाख रुपये) की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। पीड़ित पिता का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित यह राशि उन्हें अब तक प्राप्त नहीं हुई है।

पीड़ित परिवार की गुहार

गरीब आदिवासी पिता ने शासन-प्रशासन से सादर निवेदन किया है कि मुख्यमंत्री महोदय द्वारा घोषित ?4 लाख की शेष आर्थिक सहायता राशि उन्हें जल्द से जल्द प्रदान की जाए, ताकि तंगहाली के दौर में परिवार को संबल मिल सके।

न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश झाबुआ (म. प्र.)

क्रमांक / 582/2026
झाबुआ, दिनांक 15.05.2026
Reg.no.MJC-126/2025
पेशी दिनांक 24.06.2026

प्रति

01 रविराज पिता लक्ष्मणसिहं राठौर उम्र 43 वर्ष निवासी झाबुआ 02 कविता पति सुनिल कानूनगो आयु 52 वर्ष निवासी झाबुआ 03- निता पति महेश चाहौन आयु 50 वर्ष निवासी मारूति नगर जिला झाबुआ 04 विनिता पति दिग्विजयसिंह राजावत आयु 48 वर्ष निवासी मनावर जिला धार 05 पूजा पति राजेश सिंह आयु -44 वर्ष निवासी इंदौर म.प्र. .....वादी

विरूद्ध-

आम जनता .....प्रतिवादी

बनाम:- विपक्षी आम जनता

- सूचना-पत्र-

इस न्यायालय में लंबित सिवल प्रकरण क्रमांक-126 / 2025 के प्रार्थी द्वारा आम जनता के विरूद्ध अधीनस्थ न्यायलय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड झाबुआ के दिवानी वाद क्रमांक - 137ए/ 2024 में पारित निर्णय दिनांक 17.09.2025 से असंतुष्ट होकर यह नियमीत सिविल अपील प्रस्तुत की है। इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचना दी जाती है कि आप स्वयं या किसी अधिवक्ता जो आपके के बारे में जानता हो या आपने समझा दिया हो, दिनांक 24.06.2026 को दिन के 11.00 बजें इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन का आवश्यक रूप से उत्तर पेश करे। यदि आप या आपके द्वारा नियुक्त व्यक्ति / अधिवक्ता नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन का आवश्यक रूप से उत्तर पेश करें। यदि आप या आपके द्वारा नियुक्त व्यक्ति / अधिवक्ता नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो उक्त प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में एकपक्षीय सुनवाई की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो, तो उक्त प्रकरणों का ठीक अगले कार्य दिवस में सुनवाई हेतु लिया जावेगा। आज दिनांक 15.05.2026 को हमारे हस्ताक्षर व न्यायालय की सील व मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

(श्रीमती आशिता श्रीवास्तव)
प्रधान जिला न्यायाधीश, झाबुआ (म.प्र)

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अवैध गांजा एवं ब्राउन शुगर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

झाबुआ. पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार द्वारा जिले के थाना भ्रमण के दौरान समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु लगातार निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में थाना कोतवाली झाबुआ पुलिस द्वारा दो पृथक कार्रवाइयों में अवैध गांजा एवं ब्राउन शुगर जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकरण क्रमांक - 01

दिनांक 18.05.2026 को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति किशनपुरी हनुमान मंदिर के पास अवैध गांजा बेचने हेतु खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया

गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नौशाद पिता अकबर, उम्र 43 वर्ष, निवासी सज्जन रोड, झाबुआ बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 375 ग्राम अवैध गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?10,000/- है, बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली झाबुआ में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त मादक पदार्थ सुरेश पिता हकरू भाबोर, निवासी गोपालपुरा से खरीदना बताया गया। इस आधार पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी सुरेश पिता हकरू भाबोर को भी गिरफ्तार किया गया।

सराहनीय कार्य में योगदान :-

सउनि. जशवंतसिंह डावर, सउनि. शोभाराम दनगाया, आरक्षक 493 गणेश, आरक्षक 470 खुरबान, आरक्षक 177 केदार का विशेष योगदान रहा।

प्रकरण क्रमांक - 02- दिनांक 19.05.2026 को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक कृषि विज्ञान केंद्र के पीछे तालाब किनारे अवैध ब्राउन शुगर बेचने हेतु खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी गई।

मौके पर पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस बल की सहायता से पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संदीप पिता मुकेश डामोर, उम्र 23 वर्ष, निवासी सिद्धेश्वर कॉलोनी, शनि मंदिर के पीछे, झाबुआ बताया।

तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1.90 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?20,000/- है, बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली झाबुआ में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त मादक पदार्थ सुरेश पिता हकरू भाबोर, निवासी गोपालपुरा से खरीदना बताया गया। इस आधार पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी सुरेश पिता हकरू भाबोर को भी गिरफ्तार किया गया।

सराहनीय कार्य में योगदान :-सउनि. धनंजय सेंगर, प्रआर. 358 भुरसिंह, आरक्षक 561 कैलाश, आरक्षक 351 ईश्वर, आरक्षक 104 भलसिंह एवं आरक्षक 584 राकेश मौर्य का विशेष योगदान रहा।